<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने नया इंट्रानेट पोर्टल लॉन्च किया; पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 27 दिसंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज संगठन के अंतर्गत संचार, सहयोग और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक पूर्णरुपेण नवनिर्मित इंट्रानेट पोर्टल लॉन्च किया गया ।

इस पोर्टल का उद्घाटन, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास के द्वारा इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया ।

इस पोर्टल के लॉन्च करने के अवसर पर बोलते हुए, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, " लगभग एक दशक पहले विकसित हमारा पिछला इंट्रानेट पोर्टल हमारे लिए बहुत उपयोगी रहा। हालाँकि, संगठनात्मक आवश्यकताओं और तकनीकी प्रगति के बारे में ध्यान रखते हुए, व्यापक अपग्रेड करने की आवश्यकता थी। अतः यह नया पोर्टल, नीतियों, घोषणाओं और एमआईएस रिपोर्ट तक आसान पहुँच जैसी उपयोगकर्ता-अनुकूल सुविधाओं के साथ, एक आधुनिक और गतिशील कार्यस्थल की माँगों को पूरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिससे हमारी टीम अधिक सरलता और एकजुटता से काम कर सकेगी क्योंकि हम नवाचार करना और विकास करना जारी रखते हैं।"

इस नव डिजाइन पोर्टल में प्रमुख एप्लिकेशन और टूल एकीकृत किए गए हैं, जिससे यह कर्मचारियों के लिए संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ सूचित और संरेखित रहने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बन गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

इस कार्यक्रम के दौरान, इरेडा के निदेशक मंडल और इरेडा के अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा। इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि , "डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी नेता और एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री थे, जिनका राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका नेतृत्व और ज्ञान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा क्योंकि हम भी राष्ट्र की प्रगति के लिए योगदान देने का प्रयास करते हैं। इरेडा परिवार की ओर से, मैं उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना और प्रार्थना अर्पित करता हूँ।"